# महाप्रबंधक ने स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया

**कोटा, (निसं)।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय नें मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के साथ 20 नवम्बर को मंडल के कोटा-नागदा रेलखण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि पमरे महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण के पश्चात कोटा मंडल का उनका प्रथम निरीक्षण दौरा है। मंडल में कोटा एवं डकनिया तलाव स्टेशन का विश्वस्तरीय तर्ज पर पुनर्विकास कार्य क्रमशः 207.20 करोड़ एवं 111.18 करोड़ की लागत से तीव्रता के साथ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मंडल के 17 स्टेशनों का कायाकल्प कुल 356.85 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। जिसमें सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भवानीमंडी, बारां, छबरा गुगोर, झालावाड़ सिटी, चौमहला, शामगढ़, मांडलगढ़, भरतपुर, बयाना, श्रीमहावीरजी, हिंडौन सिटी, रामगंजमंडी, बून्दी, विक्रमगढ़ आलोट एवं गरोठ स्टेशन शामिल है।

पमरे के जीएम ने कोटा एवं डकनिया तलाव सहित कोटा-नागदा खण्ड के रामगंज मंडी, शामगढ़ तथा विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया। उल्लेखित है कि रामगंजमंडी में 27.78 करोड़, शामगढ़ में 21.55 करोड़ एवं विक्रमगढ़ आलोट में 18.92 करोड़ की लागत से कार्य किया जा रहा जीएम ने रामगंजमंडी स्टेशन पर मिशन रफ़्तार 160 केएमपीएच प्रोजेक्ट के अंतर्गत तैयार किए गए 25 केवी के टीएसएस एवं 40 मीटर ऊँचे कवच टॉवर का भी निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने उक्त स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के मॉडल एवं ले-आउट प्लान के सभी पहलुओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। निरीक्षण के उपरांत महाप्रबन्धक महोदया ने संबंधित अधिकारियों को स्टेशनों पर भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत यात्री सुविधाओं तथा परिचालन संबंधी निमार्णाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होने यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने तथा उन्होंने रेल संरक्षा एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरान्त कोटा में मान्यता प्राप्त युनियन पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात की। महाप्रबंधक ने रेल कर्मियों की समस्याओं का अविलम्ब निस्तारण का आश्वाशन दिया।

इस दौरान महाप्रबंधक के साथ मंडल रेल प्रबंधक, कोटा मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य इंजीनियर अरविन्द कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर धर्मवीर मीना, सीपीएम/गति शक्ति यूनिट सचिन शुक्ला, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर आर.आर.मीना, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) मोहन सिंह मीना, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(स्टेशन डेवलपमेंट) ऋतु राज शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(दक्षिण) एकता मीमरौठ एवं अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली

**कोटा, (निसं)।** हाड़ौती पालीवाल ब्राह्मण समाज कोटा द्वारा खड़े गणेशजी स्थित समाज भवन पर दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट आयोजित किया गया। अध्यक्ष नरेश पालीवाल ने आगंतुक समाजबंधुओं का स्वागत कर दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं सभी से आने वाले लोकतंत्र महोत्सव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील कर शपथ ग्रहण करवाया। समारोह में मनोरंजक गेम्स का संचालन रेणु पालीवाल व रेखा पालीवाल ने किया। कार्यक्रम में समाज द्वारा पालीवाल समाज की युवा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वुशु नेशनल गेम्स में सिल्वर व खेलों इंडिया में गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं निशा पालीवाल को मनु पालीवाल ने निशा पालीवाल को रु 11000 की राशि पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की और समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकीय सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य उत्कृष्ट कार्य करनी वाली समाज प्रतिभा गौरव पालीवाल, चेतन पालीवाल, अपूर्वा पालीवाल, अंकित पालीवाल एवं निशा पालीवाल को मुख्य अतिथि शांति देवी पालीवाल व अतिथि प्रमोद पालीवाल, सुरेश पालीवाल, सत्य नारायण पालीवाल ने पुरस्कार व सम्मान प्रतीक प्रदान किए। अंत में सचिव दिनेश पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं, महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया।

### पेंशनर्स समिति की बैठक सम्पन्न

**कोटा, (निसं)।** कोटा पेंशनर हितकारी सहकारी समिति अपने सदस्यों को उनकी जमा हिस्सा पर वर्ष 2021-22 में दस प्रतिशत की दर से लाभांश देगी यह घोषणा समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह हाड़ा ने टीलेशवर महादेव के सभागार में आयोजित समिति की आमसभा में की, सिंह ने कहा कि समिति के हर सदस्य को न्यूनतम एक हजार रुपये हिस्सा राशि जमा रखना आवश्यक होगा। आमसभा में समिति के सचिव भंवरलाल शर्मा ने गत पांच वर्ष का संपूर्ण लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदन किया। इस दौरान सहकारविद् रामगोपाल शर्मा ने पुरानी बकाया चली आ रही गबन राशि की वसूली पर तत्परता से कार्यवाही करने का सुझाव दिया, इस पर सचिव ने न्यायालय में केस विचाराधीन होने की जानकारी दी। आमसभा में कोष का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पारेता ने बजट पेश किया जिसका सभी ने अनुमोदन किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश चंद्र विजय उपाध्यक्ष ने किया। समापन से पूर्व दिवंगत सदस्यों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी, वही रमेश चंद्र विजय सभी सदस्यों को मतदान की शपथ दिलायी।

### 289 मरीजों की निःशुल्क जांच की

**कोटा, (निसं)।** संत कंवर राम धर्मशाला में सोमवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 289 मरीज की जांच की गई। समिति अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी ने बताया कि चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान के अध्यक्ष ओम आडवाणी ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में चिकित्सकों ने मशीनों द्वारा मरीजों के नेत्रों की जांच कर परामर्श व उपचार किया। साथ ही सभी मरीज को निशुल्क दवाईयां व चश्मों का वितरण किया गया। जांच के बाद 32 मरीजों के मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी 32 मरीजो का नयापुरा में डॉक्टर सुधीर गुप्ता ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया। जिन मरीजों का ऑपरेशन किया गया उनके रहने, ठहरने की व्यवस्था संत कंवरराम धर्मशाला की ओर से निशुल्क की गई। कार्यक्रम में सचिव अर्जुन जयसिंघानी, सीपी भावनानी, पुरुषोत्तम छाबड़िया, पार्षद गोपाल मकरानी, कैलाश केवलरमानी, योगेंद्र राजावत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### '25 नवंबर को निर्भय होकर मतदान करें'

**कोटा, (निसं)।** मॉर्निंग क्लब शिवाजी पार्क की टीम द्वारा प्रातः पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वाले सभी नागरिकों को निर्भय होकर मतदान करने की अपील की व अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मॉर्निंग क्लब शिवाजी पार्क के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग की पहल पर लोकतंत्र को मजबूत करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शिवाजी पार्क में लोगों को जागरूक किया गया व अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। मॉर्निंग क्लब की टीम ने अधिकतम मतदान बढ़ाने की शपथ ली। इस अवसर पर मॉर्निंग क्लब शिवाजी पार्क के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, महामंत्री महावीर मेघवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर वर्मा, संरक्षक ओम खाजोतिया, डीके मीणा मोहिन खान, सुरेश कहार, सुरेश वाल्मीकि, धर्मेंद्र अग्रवाल, सुरेश वर्मा, डॉ योगेंद्र कहार, राजवीर सिंह, इकबाल, रवि बोयत, राम अवतार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वाहन की टक्कर से दो घायल

**छबड़ा, (निंस)।** धरनावदा रोड स्थित महादेव गार्डन के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाईक सवार युवक गंभीर घायल हो गए, जिन्हे उपचार के लिए बारां रैफर किया गया। चिकित्सा सूत्रो के अनुसार अर्जुन सेन पुत्र कालूराम निवासी कोटा एवं गोलू सेन आत्मज छीतरलाल निवासी बारां की बाईक को महादेव गार्डन के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनो ही मौके पर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनो घायलो को उपचार के लिए चिकित्सालय लाई, यहां चिकित्सक ने उनका प्राथमिकी उपचार कर बारां रैफर कर दिया।

### विषाप्त के सेवन कर से युवक अचेत

**बूंदी, (निसं)।** पेच की बावड़ी निवासी एक युवक सोमवार को बिजोलिया फैक्ट्री के पास अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। फैक्ट्री के कर्मचारियों ने बताया कि 18 वर्षीय सुरेश फैक्ट्री में काम करता है। जो बूंदी में अपने जीजा के पास रहता था। कल फैक्ट्री में काम करने के बाद वह घर गया। सोमवार को सुबह उसे अचेत अवस्था में फैक्ट्री के बाहर पड़ा हुआ देखा गया। कर्मचारी उसे जिला अस्पताल लेकर आए जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे कोटा रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार संभवतया युवक किसी विषाप्त का सेवन करने से अचेत हुआ हैं।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**कोटा, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय कोटा में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के तत्वाधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय क्या ऑनलाइन शिक्षा पारंपरिक शिक्षा से बेहतर है पर विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। संयोजक प्रो. सुमन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 29 छात्र-छात्राओं में भाग लिया जिसमें से प्रथम स्थान प्रियंका प्रजापति, द्वितीय स्थान मनिका तिवारी एवं अनिया मंसूरी तथा तृतीय स्थान तनु हाड़ा ने प्राप्त किया।

## निरोगी जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाएं : सी.ई.ओ.

- स्वस्थ जीवन शैली स्वास्थ्य जागरुकता प्रपत्रों का विमोचन किया

**बून्दी, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय पाइल्स दिवस के अवसर पर बालचंदपाडा स्थित राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बूंदी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह ने स्वस्थ जीवन शैली स्वास्थ्य जागरूकता प्रपत्रों का विमोचन भी किया।

सीईओ राजपाल सिंह ने निरोगी जीवन के लिए आयुर्वेद को काफी कारगर बताते हुए लोगों से इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आ ान किया। इस अवसर पर सीईओ राजपाल सिंह ने पंचकर्म विशिष्टता कैंद्र का निरीक्षण कर उपचाराधीन जटिल - रोगियों से फीडबैक लिए तथा प्रभारी डॉ सुनील कुशवाह को रोगी सुविधाएं बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

पीएमओ डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि आधुनिक असंतुलित जीवनशैली के कारण वर्तमान में पाइल्स/अर्श रोग काफी बढ़ रहा है। संतुलित आहार विहार, दिनचर्या ऋतुचर्या, योग प्राणायाम अपनाकर इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। फास्ट-फूड, जंकफूड, तले भुने मसालेदार खाद्य पदार्थों, तंबाकू, नशीले पदार्थों के अधिक सेवन से पाचन तंत्र खराब होता है, जो कि पाइल्स का मुख्य कारण है, अतः इनसे बचें। खाने में रेशेदार - तरल खाद्य पदार्थों, छाछ, हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल आदि का पर्याप्त सेवन भी पाचनतंत्र को दुरुस्त रखता है, जो पाइल्स रोग में काफी कारगर है, अतः इनका अधिक सेवन करें। इस अवसर पर जिला परिषद के डॉ पारूल सोनी, रिटायर्ड एसडीएम ओमप्रकाश जैन समेत गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## छप्पन भोग महोत्सव का शुभारंभ

**झालावाड़, (निसं)।** श्रीकृष्ण गौशाला में निवास कर रही ग्यारह सौ गौमाताओं को गौपाष्टमी के अवसर पर पीपा पीठाधीष्वर संतो के द्वारा प्रातः 10 बजे गौशाला परिसर में विधिवत पूजा अर्चना कर छप्पन भोग की प्रसादी का शुभारम्भ किया गया

श्रीकृष्ण गौशाला के संरक्षक शैलेन्द्र यादव कालू अध्यक्ष दिलीप मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकृष्ण गौशाला में गौपाष्टमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में ग्यारह सौ गौमाताओं के लिए हलवाइयो द्वारा 56 प्रकार के स्वादिष्ट व्यजन बनाये जा रहे है इसके आलावा भी बाजार से फल व विभिन्न प्रकार की सब्जियों को भारी मात्रा में क्रय किया गया है। इन सभी व्यजनों व सब्जियों को सभी गौसेवको की मदद से आज विभिन्न प्रकार के काउंटर लगाकर गौमाताओ को भोग लगाने के लिये रखा गया है।

गौशाला में सोमवार को सैकड़ो की संख्या में परिवार संग पधारकर गौमाताओ को अपनी श्रध्दानुसार विभिन्न प्रकार के व्यजनों का भोग लगाकर धर्म लाभ लिया सभी प्रकार के व्यजनों को गरम तैयार किया जा रहा है गौशाला में वर्तमान में 1100 गौवंश निवास कर रहे है है ओर समिति द्वारा छप्पन भोग का कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित किया गया है दो दिवसीय कार्यक्रम के शुभारम्भ में समिति पदाधिकारियों सहित सूरज नागर, दुर्गाशंकर नागर, रामदयाल, हरभजन, बादल अग्रवाल, जगदीश सोनी, रमाकांत, अर्पित मित्तल, सुरेंद्र, श्रीलाल गोताम, सुरेश शर्मा, गोरधन शर्मा सहित शहर के गौभक्तो ने गौमाताओ की गौपूजन व आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## करंट से बालक की मौत

**कोटा, (निसं)।** जिले में रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को एक बालक हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। बालक हाई वोल्टेज विद्युत लाईन को दुरुस्त किए जाने ओवरहेड इक्विपमेंट कैंटिलीवर मेंटेनेंस व्हीकल के ऊपर चढ़ गया था। इस दौरान वो ओएचई की चपेट में आ गया, जिसमें 25000 वोल्ट का करंट प्रभावित होता है। ऐसे में झुलसने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी थाना कोटा के हेड कांस्टेबल नीरज सिंह ने बताया कि घटना रविवार की है। इस संबंध में प्लेटफार्म नंबर 1ए से फोन आया था। पहले वहां पर इस तरह की घटना के संबंध में दिल्ली मुंबई रेल लाईन पर ही रेलवे यार्ड के आगे घटना होने की सूचना मिली। हाई वोल्टेज लाईन से करंट का प्रवाह रोका गया।इसके बाद मृत बालक को नीचे उतारा गया। बालक का शव बुरी तरह झुलस चुका था। बालक की पहचान माला फाटक कच्ची बस्ती निवासी 12 वर्षीय आदू उर्फ आयुष पुत्र कालू के रूप में हुई है।

## छबड़ा में दो लाख 44 हजार 531 मतदाता मतदान करेंगे

**छबड़ा, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के तहत इस बार 2 लाख 44 हजार 531 मतदाता अपने मतदाताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरूषों की 127433 व महिलाओं की संख्या 117098 है।

मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में 261 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा संख्या 53 पर सहायक मतदान केंद्र बनाया गया हैं एवं 8 महिला और 8 युवा मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी सुनील पंवार (एसडीएम) के अनुसार छबड़ा-छीपाबड़ौद विधानसभा क्षेत्र में कुल 262 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। भाग संख्या 54, 56, 62, 63, 170, 171, 172, 173 पर महिला मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिनमें छबड़ा व छीपाबड़ौद में 4-4 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। छबड़ा क्षेत्र में भाग संख्या 163, 165, 167, 168 पर युवा मतदान केंद्र स्थापित हैं तथा छीपाबड़ौद में भाग संख्या 57, 58, 60, 61 पर स्थापित हैं। एक विशेष योग्यजन मतदान केंद्र अमरचंद बरडिया कॉलेज में बनाया गया हैं। महिला मतदान केंद्र पर महिला कर्मियों की तैनातगी की जाएगी। छबड़ा पालिका क्षेत्र में कुल 22091 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 11306 पुरूष व 10785 महिला मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा क्षेत्र में 3 एफएसटी व 3 एसएसटी टीम काम कर रही है। छबड़ा-छीपाबड़ौद विधानसभा क्षेत्र में 262 पोलिंग पार्टियां मतदान करवाएंगी। एक पोलिंग पार्टी में लगभग 4 लोग शामिल हैं। घर पहुंची टीम, 173 मतदाताओं ने किया मतदान निर्वाचन अधिकारी पंवार के अनुसार होम वोटिंग की प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू हो गई थी। यह प्रक्रिया 21 नवंबर तक जारी रहेगी। इस विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए चिंहित 178 मतदाताओं में से 173 ने मतदान किया। जिसमें 80 वर्ष से अधिक के 107 व 66 दिव्यांग मतदाताओ ने मताधिकार का प्रयोग किया। तीन व्यक्ति मृतक व एक व्यक्ति का नाम डबल मिला एवं एक मतदाता अनुपस्थित पाया गया। अनुपस्थित पाए गए मतदाता के सोमवार को आने पर उसकी होम वोटिंग करवाई जाएगी।

झूठे वादे, भ्रष्ट इरादे, हाल बदहाल
जनता पूछे कांग्रेस से
सवाल ?
? राजस्थान में पेट्रोल-डीजल सबसे महंगा क्यों?
? किसानों की कर्जमाफी के वादे का क्या हुआ?
? 5 साल में 17 बार पेपर लीक क्यों हुआ?
? 35,000 बेटियों के साथ दुष्कर्म क्यों?
? राजस्थान में 7,800 निर्दोष नागरिकों की हत्या क्यों?
? ड्रिल मशीन से शिवलिंग और बुलडोजर से राम दरबार क्यों तोड़ा?
? डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ के 50,500 पद खाली क्यों?
? 13,000 स्कूल बंद हुए, शिक्षा व्यवस्था के प्रति इतनी लापरवाही क्यों?
? जल जीवन मिशन में ₹20,000 करोड़ का घोटाला क्यों?
? पीएम किसान सम्मान निधि में से 2.5 लाख किसानों के ₹170 करोड़ रुपए किसने गायब किए?
इस कुशासन का जवाब देंगे
इस बार भाजपा को चुनेंगे
कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं
भाजपा, राजस्थान